<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2551

08 अगस्त, 2018 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश में लौह अयस्क की उपलब्धता

2551. श्री अजय प्रताप सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश राज्य में वर्तमान समय में कितना लौह अयस्क उपलब्ध है;

(ख) क्या वहाँ इस्पात संयंत्र लगाए जाने हेतु यह पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा वहाँ इस्पात संयंत्र लगाने हेतु कोई योजना बनायी गई है; और

(घ) यदि हाँ, तो योजना के कार्यान्वयन की क्या स्थिति है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): मध्य प्रदेश में लौह-अयस्क (हेमेटाईट) के उपलब्ध भंडारों/संसाधनों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:-

(हजार टन में)

राज्य	भंडार	संसाधन	कुल संसाधन
मध्य प्रदेश	62,063	2,67,900	3,29,963

स्रोत: दिनांक 01.04.2015 की स्थितिनुसार नेशनल मिनरल इंवेन्टरी (खान मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है।)

(ख) से (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते इस्पात संयंत्रों की स्थापना करने के निर्णय व्यक्तिगत इस्पात उत्पादकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों और बाजार गतिशीलता के आधार पर लिए जाते हैं।

*****